## एक नजर में

### हॉस्टल-बच्चों संबंधी निर्माण में हो प्राथमिकता...



**गंधवानी ( निप्र )** बच्चों से संबंधित हॉस्टल और अन्य भवनों को प्राथमिकता से कार्य शुरू करें ताकि बच्चों को भवन की सुविधा मिल सके और सरकार की ओर से होने वाले काम भी जल्दी से पूर्ण हो यह बातें गंधवानी में हॉस्टल बिल्डिंग निर्माण स्थल का निरीक्षण करने आए जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा ने कहीं यहां पर जनजाति कार्य विभाग से भी उपयंत्री और अन्य लोग मौजूद थे इनसे जिला पंचायत अध्यक्ष ने चर्चा की और कहा कि बच्चों से संबंधित निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करवाए ताकि उनमें बच्चे रह सके जिन्हें बेहतर सुविधाएं भी मिल पाए जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा सादीपनी स्कूल परिसर का भी निरीक्षण किया गया तथा बालक बालिका के नवीन बनने वाले हास्टल के लिए भूमि को भी देखा इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता विकास मेहरवाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार , शांतिलाल एसके,प्रकाश चावला,मनिंदर सिंह समेत कई लोग मौजूद थे हॉस्टल अधीक्षक हरेसिंह सोलंकी ,बालिका हॉस्टल अधीक्षिका सुनीता गणावा भी मौजूद रहे

### शिक्षक दिवस पर छात्रों ने किया सम्मान




**गंधवानी ( निप्र )** शिक्षक दिवस गंधवानी नगर समेत आसपास के पूरे क्षेत्र में उत्साह उल्लास के साथ विद्यार्थियों के द्वारा मनाया गया यहां की सरकारी और निजी विद्यालयों में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान कर बच्चों के द्वारा उनकी चरण वंदना की गई यहां की सरकारी स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपने शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही शिक्षकों ने भी बच्चों को बताया कि शिक्षक अपनी जगह पर खड़ा रहता है लेकिन विद्यार्थियों को उसकी मंजिल तक जरूर पहुंचा देता है समाज में शिक्षक का स्थान इसीलिए महत्वपूर्ण है शिक्षक शिक्षा देने वाला भी हो सकता है और राह दिखाने वाला भी इसलिए शिक्षक का सम्मान जीवन में सदैव करना चाहिए चाहे हम कहीं पर भी रहे यहां पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी शिक्षक दिवस पर आज किए गए थे वहीं शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों ने उपहार में भी कई चीजे भेंट की गई और उनसे आशीर्वाद लेकर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प भी किया

### बाग में चोरी के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार



**बाग।** क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 31 जुलाई को फरियादी जोसेफ खान पिता मुस्ताक खाना निवासी मेवाती मोहल्ला बाग ने रिपोर्ट किया कि 31.07.20266 की रात्रि में में व मेरी पत्नी तथा मेरे पिता खाना खाकर सो गये थे रात्रि में पिताजी के चिल्लाने की आवाज आयी तो मैं घर से बाहर निकलकर देखा तो कुछ व्यक्ति जिनके मुंह बंधे थे दो व्यक्तियों को मेरे पिताजी ने पकड रखा था एक व्यक्ति ने मेरे पिताजी को मारी तो वह दोनों भागने लगे मैंने उन्हे पकडने का प्रयास किया तो फालिया हाथ में लग गया। चोर चोरी करने की नियत से घर में आये थे लेकीन हम लोग जाग गये तो चोरी नही कर पाये। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना थाना बाग पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। सचिन शर्मा पुलिस अधीक्षक धार द्वारा कस्बा बाग में घटित चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए शिघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतू निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी को पकड़ने हेतु निर्देशित किया था। थाना प्रभारी बाग निरीक्षक हिरु सिंह रावत के नेत्रत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की तलाश के दौरान दिनांक 04.09.2026 को मुखबिर की सुचना पर एक व्यक्ति को गेट्टा फाटे से पकड़ा, जिसका नाम पता पुछते अपना नाम दिपक पिता छगन मण्डलोई जाति भील उम्र 19 वर्ष निवासी पीपरी का होना बताया व घटना दिनांक को अपने दो अन्य साथी के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय कुक्षी पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक हीरुसिंह रावत, प्रआर, रेलम सिंह भिण्डे, प्रआर. भाव सिंह, आर. राजु, आर लाल सिंह, आर. विनोद आर. सुरेश, आर. मुकेश का विशेष योगदान रहा है।

### एआई+ यूज़र्स को डेटा और प्राइवेसी पर मिलेगा ज्यादा कंट्रोल

**इंदौर .** एआई+ स्मार्टफोन ने एनएक्सटी क्वांटम ओएस का नया वर्जन 1.1 पेश किया है। यह नया वर्जन यूज़र्स की प्राइवेसी को और मजबूत करेगा और साथ ही उन्हें यह समझने और कंट्रोल करने की सुविधा प्रदान करेगा कि अलग-अलग ऐप्स उनके फोन और डेटा को कैसे एक्सेस कर रहे हैं . डेटा को भारत में ही सुरक्षित रखने और उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एनएक्सटी क्वांटम ने एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जिसके तहत ऐप्स से जुड़ा 100% डेटा ट्रैफिक भारत में मौजूद सर्वर्स के जरिए ही प्रोसेस होगा . यह सिस्टम 1,000 से ज्यादा कनेक्शन्स और 172 अलग-अलग डेस्टिनेशन आईपी एड्रेस से जुड़े सोर्स रूल्स की ऑटोमैटिक जाँच करता है, ताकि नेटवर्क की सिक्योरिटी मजबूत बनी रहे . एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के सीईओ और एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ ने कहा टेक्नोलॉजी का भविष्य सिर्फ इस बात से तय नहीं होता कि वह क्या कर सकती है . असली बात यह है कि लोग उस पर कितना भरोसा करते हैं और वह उनकी उम्मीदों को कितना पूरा कर सकती है .

# बाग पुलिस ने तीन माह पहले आगर घाटी मोड़ पर लूट का किया खुलासा

## बाइक जब्त, तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बाग।** तीन महीने पहले आगर घाटी के मोड़ पर हुई लूट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और अन्य संसाधन जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार 01 मई को फरियादी भंगु पिता जामसिंह पचाहा निवासी ढीलवानी स्कूलपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की वह रिंगनोद में सुनार के यहां गिरवी रखी चांदी छुड़वाकर रकम साथ लेकर अपने लड़के के साथ मोटर साइकल से अपने घर वापस आ रहा था। करीब 10.30 बजे बाग टाण्डा रोड पर आगर घाटी मोड में पहुंचे की पीछे से दो मोटर साइकल जिस पर दो-दो लोग बैठे थे, हमारी गाड़ी के आगे लाकर गाड़ी को अड़ा दी। हमें गाड़ी रोकना पड़ी। फिर एक व्यक्ति उनकी मोटर साइकल से नीचे उतरा और मुझे फालिया अड़ा दिया तभी और दूसरे ने मेरे पास लाल कपड़े की थैली जिसमें दो चांदी की तागली रखी थी छीनने



लगा। तभी मेरा जवाई भेरु पिता गुमान निवासी ढिलवानी सामने से आ गया तो उसको भी फालिया दिखाया और मेरे पास से चाँदी की तागली लुटकर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से पुलिस थाना बाग ने प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।धार एसपी सचिन शर्मा ने लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को शिघ्र को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी को पकड़ने के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी बाग इंस्पेक्टर हीरूसिंह रावत के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश के दौरान थाना अमझेरा में गिरफ्तार आरोपी समीर पिता बहादुर मण्डलोई उम्र 22 वर्ष निवासी कुडूझेता, संजय पिता हिन्दू उम्र 19 वर्ष निवासी नाहवेल ने अपने अन्य दो साथियों के साथ घटना करना स्वीकार किया, जिनकी गिरफ्तारी ली जाकर पीआर प्राप्त किया गया। इन्होंने साथी महेन्द्र पिता बिलाम सिंह भुरिया जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी नाहवेल व अन्य साथी के साथ मिलकर लुट करना स्वीकार करने पर आरोपी महेन्द्र थाना बाग के अप. क्र. 230/2026 में जिला जेल आलीराजपुर मे निरुद्ध होने से आरोपी का पीआर प्राप्त कर पुछताछ करते जुर्म स्वीकार किया जिनसे लुटा गया मनुका चांदी की तागली घटना में प्रयुक्त मोटर साइकल एवं एक फालिया जप्त किया गया है। कार्रवाई में सउनि दशरथ चौहान, प्रआर. रेलम सिंह भिंडे, भाव सिंह, कैलाश गेहलोत, आर. दुर्गेश, राजु, लाल सिंह, आर. विनोद आर. सुरेश, आर. अर्जुन, आर. मुकेश, आर. भुर सिंह, आर. विजय का योगदान रहा।

## पेटलावद के एकलव्य आवासीय स्कूल में बीमार हुए नौ बच्चे

**पेटलावद ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शनिवार की दोपहर अचानक कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बुखार से पीड़ित होने के कारण नौ बच्चों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करया गया। इसकी सूचना मिलते ही बच्चों के परिजनों में गहरी चिंता फैल गई।

जानकारी अनुसार अस्पताल में प्राथमिक उपचार और देखरेख के बाद स्थिति नियंत्रण में है, जिसके चलते रात्रि 8 बजे तक परिजन अपने बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज करवाकर घर ले गए। हालांकि, इस दौरान छात्र जीवन का इलाज सिविल अस्पताल में जारी रहा।



मामले में बीएमओ अंतिम सोलंकी ने बताया कि आवासीय विद्यालय के इन बच्चों को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया, सभी बच्चों की स्थिति अब पूरी तरह ठीक है।

## गोपाल कॉलोनी में सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**सरदारपुर।** गोपाल कॉलोनी में साम दिनी भागवत कथा शुरू हो चुकी है। पहले दिन बस स्टैंड श्री राम मंदिर से चल समारोह निकाला जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से घूमता हुआ श्री कृष्ण मंदिर पहुंचा। भगवत गीता सुनने मात्र से कई पुण्य का लाभ मिलता है।



भगवत गीता को भक्त द्वारा सिर पर उठाकर नगर भ्मण करवाया गया। वही माताएं अपने सिर पर गंगाजल का कलश लेकर नाचते गाते हुए यात्रा में शामिल हुईं। नन्हे मुन्ने बच्चे भी जय श्री राम के जय करो के साथ शामिल हुए,चल समारोह में शामिल जगदीश जी यादव गेंदा जी यादव चुन्नीलाल जी यादव मुन्ना जी यादव जगदीश यादव मनोज जी यादव राजू जी यादव नगर के कई गणमान्य नागरिक यात्रा में शामिल हुए।

### परफेक्टियो एंटरटेनमेंट का बॉलीवुड इंडस्ट्री में 15 साल का सफर

**इंदौर .** अपने गानों बम बम बम और नीली अंखियां ओ मेरी लैला की बड़ी सफलता के बाद, परफेक्टियो एंटरटेनमेंट ने एक नया गाना थोड़ा थोड़ा इश्क रिलीज़ किया है . इसे महेश्वर के खूबसूरत घाटों पर बहुत खूबसूरती से शूट किया गया है . इस जगह का इस्तेमाल पहले भी मध्य प्रदेश में सलमान खान की दबंग , अक्षय कुमार की पैडमैन और देओल परिवार की यमला पगला दीवाना जैसी बड़ी फिल्मों के लिए किया जा चुका है . इस जगह को चुनने का मकसद न सिर्फ मध्य प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना है, बल्कि मध्य भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को भी दिखाना है . यह प्रोडक्शन हाउस अपने कास्टिंग पार्टनर विज़टारविला टीवी के ज़रिए लोकल टैलेंट को एक मंच देता है, जहाँ दर्शक अपने पसंदीदा सेलेब्रिटीज़ से जुड़ सकते हैं .



मुहूर्त के उच्चतम भाव 8501 रूपये क्विंटल रहे

## नए कपास की खरीदी की शुरूआत

**कुक्षी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर फर्म टीकमसा दुलीचन्द नेचुरल फायबर्स लिमिटेड में नवीन कपास सीजन का शुभ मुहूर्त प्रात: विधि-विधान से श्री गणेश पूजन, माँ नवदुर्गा और श्री कृष्ण पूजन के साथ हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के किसानों और स्थानीय व्यवसायियों मौजूद रहे।जिनिंग संचालक महेन्द्र सेठ गुप्ता, आलोक सेठ गुप्ता, जनक गुप्ता ने व्यवसायी और किसानों का स्वागत सत्कार कर कपास खरीदी का शुभारंभ किया गया। मुहूर्त खरीदी में कपास का उच्चतम भाव से 8,201-8501 रूपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। शुरुआती खरीदी में ही मिले बेहतर भाव से किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। युवा उद्योगपति आलोक सेठ गुप्ता ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही बाजार में कपास की आवक और तेज होगी जिससे क्षेत्र के व्यापार को नई गति मिलेगी।

### फर्जी एपीके फाइल से किए जा रहे मोबाइल हैक

**गंधवानी।** गंधवानी क्षेत्र के लोगों के पास अभी भी एपीके फाइल भेज कर उनके मोबाइल हैक किया जा रहे हैं। मामले में जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कई लोगों के पास एपीके फाइल भेजी गई। उनके मोबाइल हैक करने की कोशिश की गई। जानकारी देते हुए बलवारी खुर्द के सरपंच सोहन सिंह बर्मन ने बताया कि उनके मोबाइल पर एपीके फाइल आई डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और कई लोगों को मैसेज जाने लगे। अन्य ग्रामीणों के पास भी एपीके फाइल के माध्यम से मोबाइल हैक करने के मामले सामने आए पुलिस ने बताया कि साइबर हेल्पलाइन नंबर पर हैक होने वाले मोबाइल धारकों ने संपर्क करना चाहिए साथ ही पुलिस को भी बताना चाहिए अन्य लोग भी सतर्क रहें एपीके फाइल को डाउनलोड करना ही नहीं चाहिए यह पूरी तरह से फर्जी है यदि फिर भी कुछ ऐसा होता है तो पुलिस से संपर्क करें और हेल्पलाइन पर भी कॉल करें।



**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी राधा-कृष्ण बने बच्चे**

*गंधवानी (निप्र) श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों में विशेष रूप से उत्साह नजर आया यहां पर छोटे-छोटे बच्चे राधा और कृष्ण के रूप में सज धज कर तैयार हुए। जो सोशल मीडिया पर पूरे दिन छाए रहे। साथ ही कई जगह पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए, जिसमें श्री कृष्णा और राधा बने बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे नगर समेत गांव में भी जन्माष्टमी पर बच्चे राधा कृष्ण के स्वरूप में नजर आए।*

## बालक विराट ने फोड़ी 25 फीट ऊंची मटकी

नवभारत न्यूज

**बाग।** खतरनाक मोड़ बाग में पत्रकार संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार पिछले 21 वर्षों से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी 25 फीट ऊंची मटकी बांधकर भव्य आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के ठीक समय रात्रि 12 बजे ईश्वर ब्रजवासी की टीम ने एक ही प्रयास में मटकी फोड़ यदि।

मटकी फूटते ही कार्यक्रम स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंज उठे और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। जन्मोत्सव के बाद रास मंदिर, रणछोड़ मंदिर हनुमान मंदिर एवं राम मंदिर में भगवान की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

कार्यक्रम में रमेश प्रजापत समाज अध्यक्ष एवं भाजपा ग्रामीण पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष, तथा राजकुमार मालवी पत्रकार संघ प्रदेश उपाध्यक्ष व 84 पंच कुमरावत मालवांचल समाज अध्यक्ष, प्रदीप अगाल माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष व वरिष्ट पत्रकार, दिनेश सेटिया समाज सेवी, शिवकुमार मालवी समाज सेवी, नीरज दय्या, मांगीलाल कानपुरिया, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा 25 फीट ऊंची मटकी फोड़ने वाली ईश्वर ब्रजवासी की टीम एवं ब्रजवासी टीम के सदस्यों का सम्मान किया गया।



### एक्सिस बैंक ने पेश किए ग्राहकों के लिए नए कंट्रोल्स

**इंदौर .** एक एक्सिस बैंक ने आज अपनी व्यापक %सेफ बैंकिंग% पहल के तहत इंडस्ट्री का पहला यूपीआई लिमिट मैनेजमेंट फीचर और इंटरनेशनल ट्रैवल डिक्लेरेशन सुविधा शुरू करने की घोषणा की . ग्राहक-केंद्रित नवाचार पर एक्सिस बैंक के जोर को दर्शाने वाली ये सुविधाएं व्यक्तिगत नियंत्रण और बेहतर सुरक्षा उपायों को एक साथ लाती हैं . इससे ग्राहकों को डिजिटल भुगतान करते समय अधिक आत्मविश्वास और सुविधा के साथ लेन-देन करने में मदद मिलेगी .

**एक नजर में** — धार जिला मुख्यालय के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में हुआ सृजन संवाद कार्यक्रम

# छात्रों को कानून, बाल अधिकार, सायबर सुरक्षा, नशे के बताए दुष्प्रभाव

**धार । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार और एसपी धार सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय सांदीपनि विद्यालय, धार में सृजन संवाद कार्यक्रम किया गया।**

मध्यप्रदेश पुलिस, स्कूल शिक्षा विभाग के तकनीकी सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता, उत्तरदायी नागरिकता, सुरक्षा-बोध तथा पुलिस एवं समाज के बीच विश्वास एवं संवाद को सुदृढ़ करना है।

**विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर दी गई जानकारी** -कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को द्भारतीय संविधान, विभिन्न कानूनों, बाल अधिकार, जेजे एक्ट, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, रोड सेफ्टी, साइबर सेफ्टी एवं नारकोटिक्सद्ध जैसे महत्वपूर्ण विषयों की सरल एवं उपयोगी जानकारी दी गई।

भारतीय संविधान के संबंध में विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए संविधान के प्रति सम्मान एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

बाल अधिकार एवं जेजे एक्ट के अंतर्गत बच्चों के अधिकार, संरक्षण तथा कानून की भूमिका के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा अथवा परेशानी की स्थिति में उचित सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया।

पॉक्सो एक्ट के संबंध में बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा, अच्छे एवं बुरे स्पर्श की समझ तथा किसी अनुचित घटना की स्थिति में विश्वसनीय व्यक्ति अथवा पुलिस को जानकारी देने के संबंध में जागरूक किया गया।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत कम उम्र में विवाह से होने वाले दुष्परिणामों तथा बाल विवाह की रोकथाम के लिए बनाए गए कानून की जानकारी दी गई।

रोड सेफ्टी के अंतर्गत विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

साइबर सेफ्टी के अंतर्गत सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।नारकोटिक्स एवं नशे से बचाव के संबंध में नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

### अधिकारियों और विद्यालय स्टाफ की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक पुरुषोत्तम बिश्नोई, रक्षित निरीक्षक यातायात प्रेमसिंह ठाकुर, सूबेदार रवींद्र कुशवाह और उप निरीक्षक आकाश हिण्डोलिया, थाना कोतवाली उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य अमिता वाजपेई एवं विद्यालय स्टाफ से अनीसा खान, कुसुम लश्करी, श्रीमती सोनी शर्मा, श्री अर्जुन गोस्वामी एवं श्री राकेश मुकाती सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के 60 छात्र-छात्राएं और 07 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का उपस्थित अधिकारियों द्वारा सरल एवं सहज भाषा में समाधान किया गया। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए कानून का पालन करने, सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। 'सृजन संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं पुलिस के बीच संवाद स्थापित करते हुए कानून, सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया।